>

Title: Regarding decision of sports Minister of withdraw Indian Cricket Team's tour to Pakistan.

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के खेल मंत्री, डॉ.. एम.एस. गिल का अभिनंदन करना चाहता हूं। जिन्होंने आज हमारे हिन्दुस्तान में, जो पाकिस्तान के दहशत आतंकवादी यहां आते हैं और वे हमारे यहां के जवानों एवं निरापराध लोगों को मारते हैं। इसलिए उन्होंने पाकिस्तान में क्रिकेट टीम न भेजने का कदम उठाया है।

सभापति महोदय, यही बात हमारे आदरणीय शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे जी सालों-साल करते रहे हैं। हमारे कई लोग आतंकवादियों द्वारा मारे गए। इसलिए पाकिस्तान से क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए। [S60] लेकिन उन्हें सबने क्रिटिसाइज किया।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से एक और अपील करना चाहता हूं कि समझौता एक्सप्रेस नामक रेल को बन्द कीजिए और सद्भावना नामक बस सेवा को भी बन्द कीजिए और यहां जितने क्रिकेटिस्ट्स और आर्टिस्ट्स हैं उन्हें आप वापस पाकिस्तान भेजें।

महोदय, मैं आज टी.वी. देख रहा था, तो पाकिस्तान के भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री नवाज शरीफ बोल रहे थे कि जो आतंकवादी कसाब पकड़ा गया है, वह पाकिस्तान का है और यही नहीं पाकिस्तान में रह रहे उसके परिवार के लोगों से किसी को मिलने की इजाजत नहीं दे रहे हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति कह रहे हैं कि कसाब पाकिस्तान का नहीं है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : माननीय रावले जी, आपने क्रिकेट टीम के बारे में बोलना चाहते थे, उसके बारे में आपने बोल दिया। आप जो बोल रहे हैं, वह रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा।

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहन रावले : सभापति जी, मैं सिर्फ एक ही बात बोलना चाहता हूं। कृपया मुझे बोलने की अनुमति दीजिए।

सभापति महोदय : आपने एक ही मैटर के बारे में नोटिस दिया था, वह आपने बोल दिया। अब आपका सैकिंड मैटर नहीं है। आप बहुत सीनियर मैम्बर हैं। आप कृपया समझने की कोशिश कीजिए। Under the rules of procedure it is not admissible. You mention about the cricket issue only and please conclude.

श्री मोहन रावले : सर, मैं सिर्फ यही बताना चाहता हूं कि हमारे देश में जो आतंकवाद चल रहा है और निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं, उससे बचने के लिए पाकिस्तान में जो आतंकवादियों को ट्रेनिंग देने के कैम्प हैं, उन्हें डिस्ट्रॉय किया जाए। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप बैठिए। आप जो बोलेंगे वह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

*(Interruptions) â€¦**

SHRI J.M. AARON RASHID (PERIYAKULAM): Thank you, Mr. Chairman Sir. Please permit me to speak from here.

सभापति महोदय : आरून रशीद साहब, मैंने देखा है कि जो मैटर आप अब रेज करना चाहते हैं, वह आप पहले ही दिनांक 18-12-2008 को रेज कर चुके हैं।

SHRI J.M. AARON RASHID : Sir, this is a different issue. This is regarding plantain trees...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I have just been informed that you have already raised this matter earlier. Please take your seat.